Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

# UP LEKHPAL 2022

**अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.क्र. 1-5) के उत्तर दीजिए।**

मनुष्य को निष्काम भाव से सफलता – असफलता की चिंता किए बिना अपने कर्तव्य का पालन करना है। आशा या निराशा के चक्र में फँसे बिना उसे निरंतर कर्तव्यरत रहना है। किसी भी कर्तव्य की पूर्णता पर सफलता अथवा असफलता प्राप्त होती है। असफल व्यक्ति निराश हो जाता है, किंतु मनीषियों ने असफलता को भी सफलता की कुंजी कहा है। असफल व्यक्ति अनुभव की संपत्ति अर्जित करता है, जो उसके भावी जीवन का निर्माण करती है। जीवन में अनेक बार ऐसा होता है कि हम जिस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए परिश्रम करते हैं, वह पूरा नहीं होता। ऐसे अवसर पर सारा परिश्रम व्यर्थ हो गया – सा लगता है और हम निराश होकर चुपचाप बैठ जाते हैं। उद्देश्य की पूर्ति के लिए दोबारा प्रयत्न नहीं करते। ऐसे व्यक्ति का जीवन धीरे – धीरे बोझ बन जाता है। निराशा का अंधकार न केवल उसकी कर्म - शक्ति, वरन् उसके समस्त जीवन को ही ढक लेता है। निराशा की गहनता के कारण लोग कभी – कभी आत्महत्या तक कर बैठते हैं। मनुष्य का जीवन धारण करके कर्म – पथ से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। विघ्न – बाधाओं की, सफलता – असफलता की तथा हानि – लाभ की चिंता किए बिना कर्तव्य के मार्ग पर चलते रहने में जो आनंद एवं उत्साह है, उसमें ही जीवन की सार्थकता है, ऐसा जीवन ही सफल है।

1. मनुष्य को किस प्रकार कर्तव्य पालन करना चाहिए ?
   (A) निष्काम भाव से
   (B) सफलता – असफलता की चिंता किए बिना
   (C) आशा – निराशा के चक्र में फँसे बिना
   (D) उपर्युक्त सभी

2. मनीषियों ने सफलता की कुंजी किसे कहा है ?
   (A) धन को
   (B) परिश्रम को
   (C) असफलता को
   (D) शारीरिक बल को

3. असफल व्यक्ति क्या अर्जित करता है ?
   (A) अपयश
   (B) अनुभव की संपत्ति
   (C) धन – दौलत
   (D) आशा के पुष्प

4. कैसे व्यक्तियों का जीवन धीरे – धीरे बोझ बन जाता है ?
   (A) जो असफल होने पर दोबारा प्रयत्न नहीं करते।
   (B) जो परिश्रम से जी चुराते हैं।
   (C) जो नित्य व्यायाम नहीं करते।
   (D) जो धन – दौलत नहीं कमाते।

5. जीवन की सार्थकता किसमें है ?
   (A) हर समय सोते रहने में
   (B) बहुत सारा धन कमाने में
   (C) कर्तव्य मार्ग पर चलने के आनंद में
   (D) दूसरों से अपना काम निकालने में

6. 'आनंद' शब्द का उचित पर्यायवाची शब्द है
   (A) मोद, हर्ष
   (B) अचल, प्रमोद
   (C) तनुज, आमोद
   (D) शाल, उल्लास

7. 'अपना–पराया' किस समास का उदाहरण है ?
   (A) द्वंद्व समास
   (B) द्विगु समास
   (C) बहुव्रीहि समास
   (D) तत्पुरुष समास

8. निम्नलिखित में से सही संधि विच्छेद का चयन कीजिए :
   (A) पत्र + अलय
   (B) मरण + असन्न
   (C) वीर + अंगना
   (D) यथा + आर्थ

9. 'कब्र में पैर लटकना' मुहावरे का सही अर्थ है
   (A) मृत्यु के समीप होना
   (B) मृत्यु से कोसों दूर रहना
   (C) कब्र के पास बैठना
   (D) इनमें से कोई नहीं

10. निम्न में से शलाका का तद्भव रूप है :
    (A) श्लेष
    (B) सलाई
    (C) सलाका
    (D) सिलाई

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

11. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है ?
(A) भाग्यमान (B) रमायन
(C) लालायित (D) वाल्मिकी

12. निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए :
(1) अधोगती (2) ऊजवल
(3) विस्मरण (4) हितैषी
किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(A) 1, 2 और 4 (B) 1, 2 और 3
(C) 3 और 4 (D) 2 और 3

13. निम्न में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है ?
(A) यामा (B) योजना
(C) भिक्षा (D) संबल

14. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म है ?
(A) साँझ – दोपहर (B) कृपण – दाता
(C) शुष्क – क्षुद्र (D) प्रसन्न – प्रफुल्ल

15. 'जीवनपति' का समानार्थी शब्द है –
(A) यमराज (B) पति (स्वामी)
(C) आदमी (D) महीपति

16. 'जिसे इन्द्रियों से अनुभव न किया जा सके' अनेक पद के लिए एक शब्द है –
(A) अतीन्द्रिय (B) इन्द्रिय
(C) इन्द्रियशेष (D) इन्द्रजीत

17. निम्न में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है ?
(A) पूर्ति (B) अभिव्यक्ति
(C) विवाह (D) छवि

18. 'पंखा' का बहुवचन क्या होगा ?
(A) पँखे (B) पँखें
(C) पंख (D) पंखे

19. 'दुश्शासन' का संधि-विग्रह होगा–
(A) दुष + शासन (B) दुश + शासन
(C) दुः + शासन (D) इनमें से कोई नहीं

20. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है :
(A) आँसू (B) आँख
(C) असीस (D) अक्षर

21. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?
(1) उसे मृत्युदंड की सजा हुई ।
(2) विंध्याचल पर्वत पर घने जंगल हैं ।
(3) यहाँ शुद्ध भैंस का दूध मिलता है ।
(4) मेरे को उससे बात करना पसंद नहीं है ।
(A) पहला और तीसरा
(B) पहला, तीसरा और चौथा
(C) दूसरा, तीसरा और चौथा
(D) पहला, दूसरा, तीसरा और चौथा चारों

22. 'खग जाने खग की ही भाषा' का अर्थ है –
(A) पक्षियों की भाषा जानना
(B) समान प्रवृति वाले ही एक दूसरे को सराहते हैं
(C) पक्षी अपनी भाषा स्वयं समझते हैं
(D) पक्षियों की तरह बोलना

23. 'हरि मोहन को रुपये देता है ।' रेखांकित में कौन सा कारक है ?
(A) कर्म कारक (B) अपादान कारक
(C) सम्प्रदान कारक (D) अधिकरण कारक

24. 'अरुण' शब्द का अनेकार्थी है –
(A) सूर्य, गुलाबी
(B) प्रातःकालीन सूर्य, सिन्दूर
(C) सिन्दूर, आक
(D) सूर्य, नवीन

25. 'आज की सभा में अनेकों लोग उपस्थित थे ।' वाक्य के किस भाग में अशुद्धि है ?
(A) आज की (B) सभा में
(C) अनेकों लोग (D) उपस्थित थे ।

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

**26.** $18 + 15 \div 3 \times 9 = ?$

(A) 63 (B) 99

(C) 33/27 (D) 18

**27.** 15 संख्याओं का माध्य 30 है । यदि प्रत्येक संख्या में 3 जोड़ दिया जाए, तो नया माध्य क्या होगा ?

The mean of 15 numbers is 30. If 3 is added to each number, then what will be the new mean ?

(A) 31 (B) 32

(C) 33 (D) 36

**28.** 3, 4, 4, 3, 6, 7, 7, 4, 3, 3 का बहुलक ज्ञात कीजिए ।

Find the mode of 3, 4, 4, 3, 6, 7, 7, 4, 3, 3.

(A) 3 (B) 4

(C) 6 (D) 7

**29.** 13, 15, 12, 21, 10, 14, 12 की माध्यिका ज्ञात कीजिए ।

Find the median of 13, 15, 12, 21, 10, 14, 12.

(A) 12 (B) 13

(C) 15 (D) 10

**30.** एक समबाहु त्रिभुज का परिमाप (सेमी में) ज्ञात कीजिए जिसका आधार 18 सेमी है ।

Find the perimeter (in cm) of an equilateral triangle having base 18 cm.

(A) 54

(B) 36

(C) 72

(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

**31.** एक आयत का क्षेत्रफल (सेमी$^2$ में) ज्ञात कीजिए जिसकी लंबाई 12 सेमी और चौड़ाई 11 सेमी है ।

Find the area (in cm$^2$) of a rectangle having length 12 cm and width 11 cm.

(A) 46 (B) 132

(C) 66 (D) 92

**32.** एक संचयी बारंबारता बंटन नीचे दिया गया है :

| वर्ग | 10-12 | 13-15 | 16-18 | 19-21 | 22-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| संचयी बारंबारता | 3 | 8 | 15 | 25 | 33 |

निम्नलिखित में से किस वर्ग की बारंबारता अधिकतम है ?

A cumulative frequency distribution is given below :

| Class | 10-12 | 13-15 | 16-18 | 19-21 | 22-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| Cumulative frequency | 3 | 8 | 15 | 25 | 33 |

Which one of the following class has maximum frequency ?

(A) 10-12 (B) 13-15

(C) 16-18 (D) 19-21

**33.** 2240 के गुणनखंडों का योग ज्ञात कीजिए ।

Find the sum of factors of 2240.

(A) 10890 (B) 11000

(C) 6096 (D) 8064

DD




A

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

**Q. 34 to 38**

नीचे दिया गया बार ग्राफ 1991 से 1999 तक एक कंपनी की कमाई (मिलियन रुपये में) दिखाता है । इसे पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर दें :

The bar graph given below shows the earning of a company (in million ₹) from 1991 to 1999. Read it and answer the following questions correctly.




**34.** उन वर्षों की संख्या का अनुपात, जिनमें एक कंपनी की आय औसत से कम है और जिनकी आय औसत से अधिक है, का अनुपात है

The ratio of number of years, in which earnings of a company are below the average earning, to those in which the earnings are above the average is

(A) 2 : 6
(B) 3 : 4
(C) 5 : 3
(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

**35.** 1997-98 में कंपनी की आय 1994-95 से कितनी गुना थी ?

The earning of company in 1997-98 was how many times that in 1994-95 ?

(A) 1.2 (B) 0.7
(C) 1.5 (D) 1.4

**36.** 1996-97 में कंपनी की आय समीक्षाधीन अवधि में औसत आय का लगभग कितना प्रतिशत थी ?

The earnings of the company in 1996-97 were approximately what percent of the average earning over the period under review ?

(A) 90% (B) 110%
(C) 115% (D) 125%

**37.** 1997-98 में कंपनी की आय में 1993-94 की तुलना में प्रतिशत वृद्धि क्या थी ?

What was the percentage increase in earning of the company in 1997-98 over 1993-94 ?

(A) 80 (B) 100
(C) 120 (D) 150

**38.** 1994-95 से 1995-96 तक कंपनी की आय में लगभग प्रतिशत गिरावट क्या थी ?

What was the approximate percentage decline in the earning of the company from 1994-95 to 1995-96 ?

(A) 7% (B) 10%
(C) 17% (D) 5%

**39.** कक्षा 21-25 का बारंबारता घनत्व कितना है ?

| वर्ग | 0-5 | 6-10 | 11-15 | 16-20 | 21-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 8 | 12 | 15 | 12 | 20 |

What is the frequency density of the class 21-25 ?

| Class | 0-5 | 6-10 | 11-15 | 16-20 | 21-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| Frequency | 8 | 12 | 15 | 12 | 20 |

(A) 1.5 (B) 3
(C) 4 (D) 5.5

**40.** हिस्टोग्राम (आयतचित्र) एक प्रकार का होता है

(A) अंकगणित रेखा ग्राफ
(B) ज्यामितीय आरेख
(C) आवृत्ति आरेख
(D) इनमें से कोई नहीं

Histogram is a type of

(A) Arithmetic line graph
(B) Geometric diagram
(C) Frequency diagram
(D) None of these


**41.** एक त्रिभुज का क्षेत्रफल, समान आधार पर और समान समांतर रेखाओं के बीच के समांतरचतुर्भुज के क्षेत्रफल का/के ______ होता है ।

(A) दो गुना (B) समान
(C) आधा (D) तीन गुना

The area of a triangle is ______ of the area of the parallelogram on the same base and between the same parallels.

(A) double (B) same as
(C) half (D) triple

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"



**42.** यदि त्रिभुज ABC, B पर समकोण है और AB = 12 सेमी और AC = 13 सेमी । BC ज्ञात कीजिए ।

(A) 5 सेमी (B) 6 सेमी
(C) 7 सेमी (D) 8 सेमी

If triangle ABC, right angled at B and AB = 12 cm and AC = 13 cm. Find the BC.

(A) 5 cm (B) 6 cm
(C) 7 cm (D) 8 cm

**43.** द्विघात समीकरण $x^2 - 4x - 1 = 0$ के मूल हैं,

The roots of quadratic equation $x^2 - 4x - 1 = 0$ are,

(A) $2 \pm \sqrt{5}$ (B) $2, -2$
(C) $5 \pm \sqrt{2}$ (D) $5, -5$

**44.** अमित अपना मोबाइल ₹ 1,820 की दर से बेचता है और 30% की हानि वहन करता है । उसे अपना मोबाइल किस दर पर बेचना चाहिए जिससे उसे 30% का लाभ प्राप्त हो ?

Amit sells his mobile at the rate of ₹ 1,820 and bears a loss of 30%. At what rate should he sell his mobile so that he gains a profit of 30% ?

(A) ₹ 2,920 (B) ₹ 3,380
(C) ₹ 3,650 (D) ₹ 3,820

**45.** राहुल का वेतन मोहन के वेतन से 20% अधिक है । राहुल को अपने वेतन पर 30% की वृद्धि मिली, जबकि मोहन को अपने वेतन पर 40% की वृद्धि मिली । वेतन वृद्धि के बाद राहुल का वेतन मोहन के वेतन से लगभग कितने प्रतिशत अधिक है ?

Rahul's salary is 20% more than Mohan's salary. Rahul got a raise of 30% on his salary while Mohan got a raise of 40% on his salary. Approximately by what percent is Rahul's salary more than Mohan's salary after increment ?

(A) 11% (B) 21%
(C) 28% (D) 35%

**46.** $\left(\frac{3}{8}, \frac{2}{6}, \frac{4}{7}\right)$ का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए ।

Find LCM of $\left(\frac{3}{8}, \frac{2}{6}, \frac{4}{7}\right)$.

(A) 1/186 (B) 16
(C) 1/168 (D) 12

**47.** दो संख्याओं का HCF 11 है और उनके LCM के अन्य दो गुणनखंड 13 और 17 हैं । दो संख्याओं में से छोटी संख्या है,

The HCF of two numbers is 11 and other two factors of their LCM are 13 and 17. The smaller of the two numbers is,

(A) 187 (B) 286
(C) 143 (D) 121

**48.** समांतरचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई क्रमशः 8 सेमी और 6 सेमी है और इसकी एक भुजा की माप 5 सेमी है । दूसरी भुजा की अनुमानित लंबाई (सेमी में) ज्ञात कीजिए ।

The length of diagonals of parallelogram is 8 cm and 6 cm respectively and the measure of one of its side is 5 cm. Find the approximate length of other side (in cm).

(A) 4 (B) 5
(C) 6 (D) 7

**49.** समचतुर्भुज का परिमाप 120 सेमी है और किन्हीं दो समानांतर भुजाओं के बीच की दूरी 12 सेमी है । समचतुर्भुज का क्षेत्रफल (सेमी$^2$ में) ज्ञात कीजिए ।

The perimeter of rhombus is 120 cm and the distance between any two parallel sides is 12 cm. Find the area of rhombus (in cm$^2$).

(A) 180 (B) 360
(C) 720 (D) 1440

**50.** एक बारंबारता बहुभुज अनेक भुजाओं वाला/वाली ________ होता है ।

(A) वर्ग (B) आयत
(C) बार चार्ट (D) बंद आकृति

A frequency polygon is many sided

(A) square (B) rectangle
(C) bar chart (D) closed figure

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

51. नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके ईंधन की बढ़ी हुई दक्षता से मनुष्य और पर्यावरण को कैसे लाभ होता है ?

(A) ईंधन का उत्पादन बढ़ेगा ।

(B) ईंधन उत्पादन की लागत घट जाएगी ।

(C) रिजर्वायर (संचय) में ईंधन की मात्रा बढ़ेगी ।

(D) प्रदूषण और खपत में कमी आएगी ।

How does increased efficiency of fuel using new technologies benefit humans and the environment ?

(A) Production of fuel will increase.

(B) Cost of fuel production will decrease.

(C) Amount of fuel in reservoirs will increase.

(D) Pollution and consumption will decrease.

52. कौन नेपाल में हिमालय पर्वतमाला में एवरेस्ट बेस कैंप (ईबीसी) को फतह करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय पर्वतारोहियों में से एक बन गया है ?

(A) रोशनी शर्मा (B) रीधम ममानिया

(C) निधि त्रिपाठी (D) रजनी सेठी

Who has become one of the youngest Indian mountaineers to summit the Everest Base Camp (EBC) in the Himalayan ranges in Nepal ?

(A) Roshni Sharma

(B) Rhythm Mamania

(C) Nidhi Tripathi

(D) Rajni Sethi

53. किस देश ने मई 2022 में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की ?

(A) चीन (B) भारत

(C) रूस (D) बेल्जियम

Which country chaired the 'BRICS Foreign Ministers' Meet in May 2022 ?

(A) China (B) India

(C) Russia (D) Belgium

54. सुभाषचंद्र बोस को देश नायक किसने कहा था ?

(A) लाला लाजपत राय

(B) रबींद्रनाथ टैगोर

(C) महात्मा गांधी

(D) बाल गंगाधर तिलक

Who called Subhash Chandra Bose as Desh Nayak ?

(A) Lala Lajpat Rai

(B) Rabindranath Tagore

(C) Mahatma Gandhi

(D) Bal Gangadhar Tilak

55. किस रियासत के खिलाफ अभियान को "ऑपरेशन पोलो" कूट नाम दिया गया था ?

(A) कश्मीर (B) जूनागढ़

(C) हैदराबाद (D) गोवा

The campaign against which princely state was given the code name "Operation Polo" ?

(A) Kashmir (B) Junagarh

(C) Hyderabad (D) Goa

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

56. भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य में सबसे कम लोक सभा सीटें हैं ?
(A) गोवा (B) तेलंगाना
(C) सिक्किम (D) उत्तराखंड
Which of the following states has lowest number of Lok Sabha seats in India ?
(A) Goa (B) Telangana
(C) Sikkim (D) Uttarakhand

57. EFT का पूर्ण रूप क्या है ?
(A) इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर
(B) इफिशिएन्ट फॉरिन ट्रांसफर
(C) इफेक्टिव फंड्स ट्रांसफर
(D) इलेक्ट्रॉनिक फॉरिन ट्रांसफर
What is the full form of EFT ?
(A) Electronic Funds Transfer
(B) Efficient Foreign Transfer
(C) Effective Funds Transfer
(D) Electronic Foreign Transfer

58. बाफिन द्वीप किस देश में स्थित है ?
(A) बाहामास (B) यूएसए
(C) जापान (D) कनाडा
Baffin Island is located in which country ?
(A) Bahamas (B) USA
(C) Japan (D) Canada

59. प्रेस की स्वतंत्रता भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के तहत निहित है ?
(A) अनुच्छेद 19 (B) अनुच्छेद 20
(C) अनुच्छेद 21 (D) अनुच्छेद 22
Freedom of press is implicit under which article of Constitution of India ?
(A) Article 19 (B) Article 20
(C) Article 21 (D) Article 22

60. किस पंचवर्षीय योजना के बाद "रोलिंग प्लान" लागू किया गया था ?
(A) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना 1974-78
(B) सातवीं पंचवर्षीय योजना
(C) चौथी पंचवर्षीय योजना
(D) नौवीं पंचवर्षीय योजना
After which five year plan, "the Rolling Plan" was implemented ?
(A) Fifth five year plan
(B) Seventh five year plan
(C) Fourth five year plan
(D) Ninth five year plan

61. 1942 में जब भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया गया था, भारत का वायसराय था :
(A) लॉर्ड लिनलिथगो (B) लॉर्ड वेवेल
(C) लॉर्ड विलिंगडन (D) लॉर्ड माउंटबैटन
When Quit India Resolution was passed in 1942, the Viceroy of India was :
(A) Lord Linlithgow
(B) Lord Wavell
(C) Lord Willingdon
(D) Lord Mountbatten

62. बी.सी. रॉय पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है ?
(A) संगीत (B) पत्रकारिता
(C) चिकित्सा (D) पर्यावरण
B.C. Roy Award is given in the field of
(A) Music (B) Journalism
(C) Medicine (D) Environment

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

63. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत शामिल हैं ?
Which of the following Indian Constitution articles contains Directive Principles of State Policy ?
(A) 36-51 (B) 30-49
(C) 42-56 (D) 28-48

64. महात्मा गांधी ने नमक सत्याग्रह कहाँ शुरू किया था ?
(A) दांडी (B) सूरत
(C) साबरमती (D) पवनार
Where did Mahatma Gandhi start the Salt Satyagrah ?
(A) Dandi (B) Surat
(C) Sabarmati (D) Pawnar

65. सती प्रथा को किसके द्वारा समाप्त किया गया था ?
(A) लॉर्ड कैनिंग
(B) लॉर्ड वेवेल
(C) लॉर्ड कर्जन
(D) लॉर्ड विलियम बैंटिंक
The custom of sati was abolished by
(A) Lord Canning
(B) Lord Wavell
(C) Lord Curzon
(D) Lord William Bentinck

66. ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की अधिकांश जनसंख्या जीविका के लिए किस क्षेत्र पर निर्भर थी ?
(A) प्राथमिक क्षेत्र
(B) द्वितीयक क्षेत्र
(C) तृतीयक क्षेत्र
(D) इन सभी क्षेत्रों में लगभग समान रूप से
Most of India's population during British rule was dependent on which sector for a living ?
(A) Primary Sector
(B) Secondary Sector
(C) Tertiary Sector
(D) Nearly equally in all the above sectors

67. उत्तर प्रदेश भारतीय संघ में कितने राज्यों के साथ अपनी सीमा साझा करता है ?
Uttar Pradesh shares its boundary with how many states in the Indian Union ?
(A) 6 (B) 8
(C) 9 (D) 11

68. उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था ________ पर आधारित है।
(A) मत्स्य पालन (B) कृषि
(C) कपड़ा (D) खनन
Economy of Uttar Pradesh is based on
(A) Fishing (B) Agriculture
(C) Textile (D) Mining

69. सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन सा है जो उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है ?
Which is the longest National Highway that passes through Uttar Pradesh ?
(A) NH4
(B) NH8
(C) NH2
(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

70. निम्नलिखित में से किस अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक है ?
(A) अगरिया (B) थारू
(C) बुक्सा (D) बैगा
Which of the following scheduled tribes has the highest population in Uttar Pradesh ?
(A) Agaria (B) Tharu
(C) Buksa (D) Baiga

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

71. निम्नलिखित में से कौन सा जलडमरूमध्य भूमध्य सागर को अटलांटिक महासागर से जोड़ता है ?

(A) होर्मुज के जलडमरूमध्य

(B) जिब्राल्टर के जलडमरूमध्य

(C) बोस्पोरस जलडमरूमध्य

(D) डोवर जलडमरूमध्य

Which of the following straits connect Mediterranean Sea to the Atlantic Ocean ?

(A) Strait of Hormuz

(B) Strait of Gibraltar

(C) Bosporus Strait

(D) Dover Strait

72. निम्नलिखित में से किसे उत्तर प्रदेश में 'मंदिरों के शहर' के रूप में जाना जाता है ?

(A) वाराणसी (B) लखनऊ

(C) बाराबंकी (D) भोपाल

Which of following is known as 'City of Temples' in Uttar Pradesh ?

(A) Varanasi (B) Lucknow

(C) Barabanki (D) Bhopal

73. उत्तर प्रदेश में, I.T. शहर स्थापित किया जा रहा है

(A) इलाहाबाद (B) कानपुर

(C) लखनऊ (D) वाराणसी

In Uttar Pradesh, I.T. City is being established in

(A) Allahabad (B) Kanpur

(C) Lucknow (D) Varanasi

74. निम्नलिखित को मिलाएँ :

| बाँध | | नदी |
|---|---|---|
| 1. गोविंद बल्लभ पंत सागर बाँध | a. | जामिनी नदी |
| 2. परीछा बाँध | b. | रिहंद नदी |
| 3. गोविंद सागर बाँध | c. | बेतवा नदी |
| 4. जामिनी बाँध | d. | शहजाद नदी |

Match the following :

| Dam | | River |
|---|---|---|
| 1. Govind Ballabh Pant Sagar Dam | a. | Jamini River |
| 2. Parichha Dam | b. | Rihand River |
| 3. Govind Sagar Dam | c. | Betwa River |
| 4. Jamini Dam | d. | Shahzad River |

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | c | d | a |
| (B) | a | b | c | d |
| (C) | b | d | a | c |

(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

75. आप कंप्यूटर वायरस का कैसे पता लगा सकते हैं ?

(A) ई-मेल संदेश भेज कर

(B) सर्दियों के दौरान लैपटॉप का उपयोग कर

(C) ई-मेल अटैचमेंट खोल कर

(D) ऑनलाइन खरीदारी कर

How can you catch a computer virus ?

(A) Sending e-mail messages

(B) Using a laptop during the winter

(C) Opening e-mail attachments

(D) Shopping online

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

76. निम्नलिखित में से कौन सी योजना भारत में ग्रामीण सड़क संपर्क विकास के लिए जिम्मेदार है ?

(A) पीएमजीएसवाई

(B) मनरेगा

(C) पीएमआरडीएफ

(D) एसजीआरवाई

Which of the following schemes are responsible for rural road connectivity development in India ?

(A) PMGSY (B) MGNREGA

(C) PMRDF (D) SGRY

77. निम्नलिखित में से किस योजना का उद्देश्य पूरे देश में महिला स्व-सहायता मॉडल को सशक्त बनाना था ?

(A) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास फेलोशिप योजना

(B) दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना

(C) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

(D) ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

Which of the following schemes' aim was to empower women self-help model across the country ?

(A) National Rural Development Fellowship Scheme

(B) Deen Dayal Upadhyaya Grameen Kaushalya Yojana

(C) National Rural Livelihood Mission

(D) Rural Employment Guarantee Scheme

78. निम्नलिखित में से कौन सी योजना के तहत किसी भी ग्रामीण परिवार के वयस्क को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाती है जो अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हैं ?

(A) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास फेलोशिप योजना

(B) दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना

(C) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

(D) ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

Which of the following schemes under which 100 days of employment is guaranteed to any rural household adult who is willing to do unskilled manual work in a financial year ?

(A) National Rural Development Fellowship Scheme

(B) Deen Dayal Upadhyaya Grameen Kaushalya Yojana

(C) National Rural Livelihood Mission

(D) Rural Employment Guarantee Scheme

79. भारत सरकार की निम्नलिखित में से कौन सी योजना विधवाओं, बुजुर्गों, विकलांग लोगों को पेंशन के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करती है ?

(A) एसजीआरवाई (B) एनएसएपी

(C) एसएजीवाई (D) मनरेगा

Which of the following scheme of Indian government provides financial help to widows, elderly, people with disability in form of pension ?

(A) SGRY (B) NSAP

(C) SAGY (D) MGNREGA

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

80. निम्नलिखित में से किस योजना का उद्देश्य भारत में ग्रामीण गरीब लोगों को आवास प्रदान करना था ?
(A) समग्र शिक्षा अभियान
(B) दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना
(C) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
(D) प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण)

Which of the following scheme's aim was to provide housing to rural poor people in India ?
(A) Samagra Siksha Abhiyan
(B) Deen Dayal Upadhyaya Grameen Kaushalya Yojana
(C) National Rural Livelihood Mission
(D) Pradhan Mantri Aawas Yojana (Grameen)

81. भारत सरकार की निम्नलिखित में से कौन सी योजना ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में युवाओं के प्रवास को रोकने का प्रस्ताव करती है ?

Which of the following scheme of Indian government proposes to prevent the migration of youth from the rural areas to urban areas ?
(A) PURA
(B) NSAP
(C) SAGY
(D) SGRY

82. पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थापित है ?
(A) आगरा
(B) प्रयागराज
(C) लखनऊ
(D) मेरठ

Panchayati Raj Institute of Training is established in which of the following location in Uttar Pradesh ?
(A) Agra
(B) Prayagraj
(C) Lucknow
(D) Meerut

83. निम्नलिखित में से कौन सी उत्तर प्रदेश द्वारा की गई ई-स्वास्थ्य पहल है ?
(A) उत्तर प्रदेश HMIS (स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना तंत्र)
(B) ई-सुविधा
(C) ई-मित्र
(D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is e-Health initiatives taken by Uttar Pradesh ?
(A) Uttar Pradesh HMIS (Health Management Information System)
(B) e-Suvidha
(C) e-Mitra
(D) None of these

84. निम्नलिखित में से भारत सरकार की किस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के उत्तरजीविता को सुनिश्चित करना था ?
(A) समग्र शिक्षा अभियान
(B) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
(C) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
(D) प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण)

Which of the following Indian government scheme's main aim was to ensure survival of girl child ?
(A) Samagra Siksha Abhiyan
(B) Beti Bachao Beti Padhao
(C) National Rural Livelihood Mission
(D) Pradhan Mantri Aawas Yojana (Grameen)

85. UPRRDA (यूपी ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी) की स्थापना कब की गई थी ?

When was UPRRDA (UP Rural Road Development Agency) established ?
(A) 2003
(B) 2007
(C) 2011
(D) 2017

86. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण 2 किस वर्ष शुरू किया गया था ?

Swachh Bharat Mission Grameen Phase 2 was launched in which year ?
(A) 2010
(B) 2015
(C) 2020
(D) 2022

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

87. निम्नलिखित में से किस संस्थान का मिशन भूमि संसाधनों के स्वास्थ्य और उत्पादकता को एक स्थायी तरीके से संरक्षित करना और सभी संभावित खेती योग्य भूमि की रक्षा, पुनर्वास और पुन: उत्पन्न करना था ?
(A) उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम
(B) उत्तर प्रदेश ग्रामीण विकास एजेंसी
(C) उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क एजेंसी
(D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following Institute's mission was of preserving the health and productivity of land resources in a sustainable manner, and to protect, rehabilitate, and regenerate all potentially cultivable lands ?
(A) Uttar Pradesh Bhumi Sudhar Nigam
(B) Uttar Pradesh Rural Development Agency
(C) Uttar Pradesh Grameen Road Agency
(D) None of these

88. भूमि सुधार निगम के तहत स्थापित एफएफएस का पूर्ण रूप क्या है ?
(A) फॉरेन फील्ड स्कूल
(B) फार्मर फील्ड स्कूल
(C) फीशरी फील्ड स्कूल
(D) फ्रेश फील्ड स्कूल

What is the full form of FFS established under Bhumi Sudhar Nigam ?
(A) Foreign Field School
(B) Farmer Field School
(C) Fishery Field School
(D) Fresh Field School

89. केंद्र सरकार की निम्नलिखित में से कौन सी योजना धुआँ मुक्त ग्रामीण भारत की परिकल्पना करती है ?
(A) प्रधानमंत्री जन-धन योजना
(B) प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना
(C) प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
(D) प्रधानमंत्री आवास योजना

Which of the following scheme of Central government envisages of smoke free Rural India ?
(A) Pradhan Mantri Jan-Dhan Yojana
(B) Pradhan Mantri Jan-Arogya Yojana
(C) Pradhan Mantri Ujjwala Yojana
(D) Pradhan Mantri Aawas Yojana

90. ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने के लिए 2021 में निम्नलिखित में से कौन सी योजना शुरू की गई थी ?
(A) यूपी मातृभूमि योजना
(B) यूपी सहभागिता योजना
(C) यूपी संत रविदास शिक्षा सहायता योजना
(D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following schemes was launched in 2021 to strengthen the economy and infrastructure of rural areas ?
(A) UP Matrubhumi Yojana
(B) UP Sahbhagita Yojana
(C) UP Sant Ravidas Education Assistance Yojana
(D) None of these

91. निम्नलिखित में से कौन सी योजना दुर्व्यापार और व्यावसायिक यौन शोषण के पीड़ितों के दुर्व्यापार की रोकथाम और बचाव, पुनर्वास और पुन: एकीकरण के लिए है ?
(A) उज्ज्वला योजना
(B) आजीविका योजना
(C) उस्ताद योजना
(D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following schemes is for Prevention of Trafficking and Rescue, Rehabilitation and Re-integration of Victims of Trafficking and Commercial Sexual Exploitation ?
(A) Ujjwala Scheme
(B) Aajeevika Scheme
(C) Usttad Scheme
(D) None of these

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

92. निम्नलिखित में से कौन सी योजना हमारे देश की पारंपरिक कलाओं/शिल्पों के संरक्षण और अल्पसंख्यक समुदायों के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों की क्षमता निर्माण के लिए है ?

(A) उज्ज्वला योजना
(B) आजीविका योजना
(C) उस्ताद योजना
(D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following schemes is to conserve traditional arts/crafts of our country and for building capacity of traditional artisans and craftsmen belonging to minority communities ?

(A) Ujjwala Scheme
(B) Aajeevika Scheme
(C) Usttad Scheme
(D) None of these

93. निम्नलिखित में से कौन सी योजना गैर-कृषि गतिविधियों में महिलाओं के उद्यमशीलता कौशल के विकास के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रावधान करती है ?

(A) ट्रेड (TREAD) योजना
(B) स्फूर्ति योजना
(C) उस्ताद योजना
(D) पीएमईजीपी

Which of the following schemes is to provide for economic empowerment of women through development of their entrepreneurial skills in non-farming activities ?

(A) TREAD Scheme
(B) SFURTI Scheme
(C) Usttad Scheme
(D) PMEGP

94. निम्नलिखित में से कौन सा मंत्रालय/नोडल विभाग आजीविका-राष्ट्रीय आजीविका मिशन को संभालता है ?

(A) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
(B) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(C) लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
(D) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

Which of the following Ministry/Nodal Dept. handles Aajeevika – National Livelihood Mission ?

(A) Ministry of Social Justice & Empowerment
(B) Ministry of Rural Development
(C) Ministry of Small and Medium Enterprises
(D) Ministry of Health and Family Welfare

95. सौर फोटोवोल्टिक सिंचाई पंप योजना के तहत छोटे और सीमांत किसान केंद्र सरकार की सब्सिडी के अलावा 1800 वाट (2 एचपी) सरफेस सोलर पंप के लिए कितने अनुदान के पात्र हैं ?

Under the Solar Photovoltaic Irrigation Pump Scheme, small and marginal farmers are eligible for how much grant for 1800 watt(2 HP) surface solar pump, besides Central Government subsidy ?

(A) 15%
(B) 30%
(C) 45%
(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

96. कन्या विद्या धन योजना के तहत, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की लड़कियाँ, जो हाई स्कूल पास हैं, को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए ________ एकमुश्त राशि प्रदान की जाती है ।

Under the Kanya Vidya Dhan Scheme, girls of financially weak families who are high school passout are provided with ________ one time amount for pursuing higher education.

(A) 10000
(B) 15000
(C) 30000
(D) इनमें से कोई नहीं/None of these

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

97. स्वच्छ भारत मिशन को निम्नलिखित में से किस मंत्रालय/नोडल विभाग द्वारा नियंत्रित किया जाता है ?

(A) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(B) पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय
(C) युवा मामले और खेल मंत्रालय
(D) शिक्षा मंत्रालय

Swachh Bharat Mission is handled by which of the following Ministry/Nodal Dept. ?

(A) Ministry of Health & Family Welfare
(B) Ministry of Drinking Water and Sanitation
(C) Ministry of Youth Affairs and Sports
(D) Ministry of Education

98. निम्नलिखित में से कौन सा कार्यक्रम सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को मुफ्त में आने-जाने के लिए परिवहन, मुफ्त दवाएँ, मुफ्त निदान, मुफ्त रक्त और मुफ्त आहार प्रदान करता है ?

(A) जेएसएसके/जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम
(B) आरबीएसके/राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम
(C) वीएचएसएनसी/ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समिति
(D) एमसीएच

Which of the following program provides free to & fro transports, free drugs, free diagnostics, free blood and free diet to pregnant women who come for delivery in public health institutions ?

(A) JSSK/Janani Shishu Suraksha Karyakram
(B) RBSK/Rashtriya Bal Swasthya Karyakram
(C) VHSNC/ Village Health Sanitation & Nutrition Committee
(D) MCH

99. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय या नोडल विभाग की केंद्र में एकीकृत बाल विकास सेवा योजना के कार्यान्वयन की प्राथमिक जिम्मेदारी है ?

(A) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(B) पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय
(C) युवा मामले और खेल मंत्रालय
(D) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

Which of the following Ministry or Nodal Dept. has primary responsibility for the implementation of the Integrated Child Development Services Scheme at the centre ?

(A) Ministry of Health & Family Welfare
(B) Ministry of Drinking Water and Sanitation
(C) Ministry of Youth Affairs and Sports
(D) Ministry of Women & Child Development

100. निम्नलिखित में से कौन सी योजना पंचायत राज मंत्रालय द्वारा गाँवों की आबादी के सर्वेक्षण और ग्राम क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण के लिए है ?

Which of the following scheme is for Survey of Villages Abadi and Mapping with Improvised Technology in Village Areas by Ministry of Panchayat Raj ?

(A) SVAMITRA
(B) eMITRA
(C) SVAMITVA
(D) eSurvey